# 2024

## HINDI

Paper : HIN 0200104

**( Hindi Vyaakaran )**

( हिन्दी व्याकरण )

*Full Marks : 60*

Time : 2½ hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) संधि करके शब्द बनाइए :
भानु+उदय, अति+आवश्यक

(ख) समास साधित करके शब्द की रचना कीजिए :
संभावना के अनुसार, चार राहों का समाहार।

(ग) 'ने' चिह्न जोड़कर एकवचन में 'लड़का' और 'नाना' शब्दों की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) संबोधन कारक के एकवचन और बहुवचन में 'बहू' शब्द के रूप बनाइए।

(ङ) शुद्ध करके अधोलिखित वाक्य को फिर से लिखिए:
तीन बैल, दो गायें और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।

Contd.

(च) निम्नलिखित वाक्य को मिश्र वाक्य के रूप में प्रस्तुत कीजिए :

परिश्रमी विद्यार्थी अवश्य सफल होता है।

(छ) 'अम्बर' शब्द के दो अर्थ बताइए।

(ज) एकार्थक शब्द 'आत्मा' का प्रयोग करके *एक* वाक्य बनाइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं छः*** के उत्तर अत्यन्त संक्षेप में दीजिए : $2 \times 6 = 12$

(क) 'प्र' और 'परा' उपसर्गों के व्यवहार से *दो-दो* शब्द बनाइए।

(ख) 'आई' और 'वाला' प्रत्यय-युक्त *दो-दो* शब्दों का उल्लेख कीजिए।

(ग) लिंग-परिवर्तन के जरिए निम्नलिखित शब्दों के नये रूप लिखिए :

कुत्ता, वधू, श्रीमान् , धात्री।

(घ) तात्कालिक वर्तमान काल, उत्तम पुरुष, पुल्लिंग-स्त्रीलिंग और एकवचन-बहुवचन में 'पढ़ना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(ङ) दोनों वचनों में 'मैं' सर्वनाम की अधिकरण कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(च) वाक्य-रचना के सन्दर्भ में पदक्रम के महत्व पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(छ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) मेरा नाम श्री आनन्द कुमार जी है।

(ii) वह गाने की कसरत कर रहा है।

(ज) निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए :

(i) नौकर फल खरीदने के लिए बाज़ार गया।

(ii) हमारे जवानों को देखकर दुश्मन भाग गये।

(झ) 'आँख' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(ञ) अधोअंकित अनेक शब्दों के समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :
जो-सब कुछ जानता है, जिसके हृदय में ममता नहीं है, जिसे नहीं जीता जा सके, आदि से अन्त तक।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) विसर्ग संधि के जरिए किस प्रकार शब्दों की रचना की जाती है — सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) बहुव्रीहि समास का स्वरूप स्पष्ट करते हुए किन्हीं तीन उदाहरणों के साथ यह बताइए कि उसके जरिए किस प्रकार शब्द बनाए जाते हैं।

(ग) दोनों वचनों में 'वह' सर्वनाम की कारकीय रूप-रचना प्रस्तुत कीजिए।

(घ) सामान्य भूतकाल में (तीनों पुरुषों, दोनों वचनों एवं दोनों लिंगों में) 'आना' क्रिया की रूप-रचना कीजिए।

(ङ) अर्थ की दृष्टि से विविध प्रकार के वाक्यों की रचना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए:

(i) आपका दर्शन हुआ।

(ii) इस समय उनकी आयु पचास वर्ष की है।

(iii) गाँधीजी की मृत्यु से हमलोगों को बड़ा खेद हुआ।

(iv) वे तो अवश्य ही दिल्ली जाएँगे।

(v) आप चलेंगे तो शायद यह काम जरुर हो जाएगा।

(छ) निम्नांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :
आविर्भाव, विकर्षण, गीला, छाँह, मरण, पूर्ववर्ती, रक्षक, वाचाल, सुलभ, संन्यासी

(ज) निम्नलिखित एकार्थक शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य बनाइए :
अभिनन्दन, पूजनीय, उत्साह, विश्वास, स्वाधीनता

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) 'वचन' किसे कहते हैं? विभक्तिरहित संज्ञा शब्दों के साथ बहुवचन-द्योतक चिह्न जोड़कर किस प्रकार नये शब्द बनाये जाते हैं? उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। 2+8=10

(ख) 'लिंग' का आशय क्या है? हिन्दी में संज्ञा-शब्दों के साथ लिंग-द्योतक प्रत्यय जोड़कर किस प्रकार नये शब्द की रचना की जाती है — सोदाहरण प्रकाश डालिए। 2+8=10

(ग) 'पद' की परिभाषा देते हुए हिन्दी में प्रचलित पद-विभागों का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 2+8=10

(घ) 'अन्वय' का तात्पर्य क्या है? हिन्दी वाक्य-रचना के सन्दर्भ में अन्वय की विभिन्न स्थितियों पर उदाहरणों के साथ प्रकाश डालिए। 2+8=10

(ङ) हिन्दी की आर्थी संरचना के सन्दर्भ में अनेकार्थक, विपरीतार्थक एवं पर्यायवाची शब्दों की भूमिका को सोदाहरण रेखांकित कीजिए। 4+3+3=10